## महत्वपूर्ण एवं खास

### पोटली के जंगल से एक नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना अरनपुर क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी दंतेवाड़ा एवं थाना अरनपुर का संयुक्त पुलिस बल सूचना की पुष्टि हेतु ग्राम ककाड़ी एवं पोटली की ओर रवाना हुआ था। ग्राम पोटली के जंगल से पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर 01 नक्सली हुंगा उर्फ सुदरू मंडावी पिता पोज्जा मंडावी उम्र 30 वर्ष निवासी धुरवापारा पोटाली नक्सली संगठन में मलंगीर एरिया कमेटी अंतर्गत डीएकेएमएस सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली हुंगा उर्फ सुदरू मंडावी पर थाना अरनपुर में अपराध क्रमांक 3/2020 धारा 147, 148, 149, 294, 323, 506, 302, 364 भारतीय दंड विधि 03, 05 विप.अधिनियम 25 आर्स एक्ट 13, 23, 38, (2) 39 (2) के तहत थाना अरनपुर में मामले दर्ज है। थाना अरनपुर में कार्रवाई उपरांत आज न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### दुर्लभ जीव पेंगोलिन की तस्करी करते दो पकड़ाए

**महासमुंद (आरएनएस)।** महासमुंद पुलिस ने फिर एक बार दुर्लभ वन्य जीव पैंगोलिन की तस्करी करने वाले 2 आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पैंगोलिन को बेचने के फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे थे। आरोपियों को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर बलौदा चौकी क्षेत्र के ग्राम जामपाली में पैंगोलिन के साथ आरोपी नेपाल सिदार और डमरू सिदार को गिरफ्तार किया है। तथा उनके पास से करीब 11 किलो के दुर्लभ जीव पेंगोलिन को जब्त किया है। आरोपी पैंगोलिन को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे इसी दौरान पुलिस ने सूचना के आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम 1972 की धारा 9/39/51के तहत कार्रवाई की गई है। बताया जाता है अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में विलुप्त प्राय दुर्लभ प्रजाति के पैंगोलिन की कीमत करोड़ों में है। इसी वजह से तस्कर पैंगोलिन की तस्करी कर रहे हैं।

### सड़क हादसे में सहायक यंत्री घायल

**बलरामपुर (आरएनएस)।** बलरामपुर तातापानी सब स्टेशन में सहायक यंत्री की शनिवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। सहायक यंत्री का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर तातापानी सब स्टेशन में सहायक यंत्री के रूप में कार्यरत एके टोप्पो शनिवार को तातापानी कार्यलय से बलरामपुर जिला कार्यालय की ओर निकले थे इसी दौरान शाम 6 बजे के करीब औराझरिया घाट के नीचे मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे सड़क के किनारे गिर पड़े। इस हादसे में उनके सिर पर गहरी चोट लगी थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस पेट्रोलिंग की गाड़ी के द्वारा उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय बलरामपुरें पहुंचाया गया जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

### अजीत जोगी की पुण्यतिथि पर छजकां ने दी श्रद्धांजलि

**नगरी (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) के संस्थापक छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी के प्रथम पुण्यतिथि पर छजकां के कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय अजीत जोगी के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष उत्तम साहू ने स्व.अजीत जोगी? को नमन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को देश और दुनिया में अलग पहचान दिलाया। वे छत्तीसगढ़ की राजनीति के महानायक, गरीबों के मसीहा,वंचित पिछड़े आदिवासियों के हितैषी सर्वहारा वर्ग के नेता थे।

# डस्टर कार में ओडिशा से गांजा की तस्करी करते पकड़े गये 2 आरोपी

**» कार से ढाई लाख रूपए का 52 किलो गांजा बरामद, बिलासपुर के हैं दोनों आरोपी**



**रायगढ़(डोंगरीपाली)।** पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन पर डोंगरीपाली पुलिस द्वारा आज मादक पदार्थ गांजा की अवैध तस्करी को विफल करते हुए बड़ी कार्यवाही की गई है। मुखबिर सूचना पर थाना डोंगरीपाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र एसैया द्वारा इंटर स्टेट बिरनीपाली बेरियर के पास स्टाफ लगाकर डस्टर गाडी में गांजा तस्करी कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कार से 52 किलो गांजा की बरामदगी हुई है।

जानकारी के अनुसार टीआई डोंगरीपाली जितेन्द्र एसैया को आज सुबह मुखबिर से ओडिशा सोहेला से बरमकेला की ओर एक वीआईपी कार में गांजा लेकर दो लोगों के आने की सूचना मिला, सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनके निर्देशन पर हमराह स्टाफ कार्यवाही के लिए बिरनीपाली बेरियर के आगे अपने स्टाफ लगाकर रखे तथा बेरियर के कुछ आगे स्वयं नाकेबंदी कर मुखबिर द्वारा बताये गये वाहन का इंतजार किये। सुबह करीब 09:30 बजे सोहेला से बरमकेला की ओर आ रही डस्टर कार सीजी -10-एनए-9055 को मेन रोड़ पर रोका गया। टीआई जितेन्द्र एसैया कार में बैठे दो लोगों को कार्यवाही से अवगत कराकर पूछताछ करने पर दोनों नाम पता बताने में टालमटोल कर रहे थे जिसकी हावभाव से सन्दिग्ध लगने पर वाहन की तलाशी ली गई। कार को चेक किये जाने पर कार के डिक्की में 1-1 किलो का 52 पैकेट टेप से लपेटा हुआ गांजा मिला। सख्ती से पूछताछ करने पर वाहन का चालक अपना नाम जगतराम धुरी पिता स्व0 बहुरिक धुरी उम्र 31 वर्ष सा0 मंगला धुरीपारा थाना सिविल लाईन जिला बिलासपुर व बंगल शीट मै बैठा व्यकित अपना नाम चन्द्र प्रकाश कौशिक उर्फ जुगनू पिता संतोष कौशिक उम्र 33 वर्ष सा0 बहतरई थाना सकरी जिला बिलासपुर का रहने वाला बताये। आरोपियों से कुल 52 किलो गांजा कीमती 2,50,000 रुपए तथा डस्टर कार कीमती करीब 8,00,000 रुपए जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना डोगरीपाली में 20(बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरीपाली निरीक्षक जितेन्द्र एसैया, सउनि रामकुमार मानिकपुरी, आरक्षक विनय तिवारी, सुशील यादव, जगजीवन जोल्हे, कृष्ण डनसेना, शांति मिरी एवं किशोर एक्का की महत्वपूर्व भूमिका रही है।

## वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ाया 18 मैट्रिक टन अवैध कबाड़ लोड ट्रक



**घरघोड़ा।** पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा हाइवे पर वाहनों की सघन जांच के निर्देश पर दिनांक 29.05.2021 को घरघोड़ा पुलिस द्वारा घरघोड़ा-लैलूंगा रोड औराईमुडा चौंक पर वाहनों की जांच किया जा रहा था, इस दौरान ट्रक वाहन क्रमांक एनएल -01-एल-1264 को रोक कर चेक किया गया जिसमें लोहा, टीना वगैरह कबाड समान लोड था। वाहन चालक टिंकु मिश्रा पिता विरेन्द्र मिश्रा उम्र 31 वर्ष सा. जमशेदपुर (झारखंड) को कबाड के संबंध में पूछताछ करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया और न ही लोड़ कबाड के संबंध में कोई कागजात नहीं पेश किया जिससे घरघोड़ा पुलिस द्वारा चोरी की संपत्ति होने के संभावना पर वाहन चालक से ट्रक वाहन की जप्त कर वाहन का वजन कराया गया। वाहन में कबाड समान कुल 18.460 एमटी कीमती करीब 7,73,289 रुपए को जप्त कर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध इस्त.क्र. 07/2021 धारा 41(1-4) जा.फौ./379 भा.द.वि. की कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

कार्रवाई में टीआई घरघोड़ा अमित सिंह के हमराह रहे सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक मनोज मरावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## कोतवाली थाने का स्थाई वारंटी कोतरा रोड थाना क्षेत्र के गोर्रा गांव से पकड़ा गया

**» लम्बे समय से था फरार, गांव आने की सूचना पर टीआई नागर व स्टाफ ने दी वारंटी के घर पर दबिश**



**रायगढ़।** थाना कोतवाली में वर्ष 2016 में मारपीट मामले में चालान किया गया आरोपी राज मोहन महंत पिता कार्तिकदास महंत 28 वर्ष निवासी ग्राम गोर्रा थाना कोतरारोड, न्यायालय उपस्थित नहीं होने पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रायगढ़ के न्यायालय द्वारा आरोपी के विरूद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था। पिछले 5 वर्षो से फरार स्थाई वारंटी राज मोहन के घर पर लगातार कोतवाली पुलिस दबिश दे रही थी, घरवाले वारंटी के गांव छोड़ अन्यत्र कमाने खाने जाने की जानकारी दे रहे थे। कोतवाली टीआई मनीष नागर वारंटी के घरवालों को वारंटी के घर आने पर सूचना देने निर्देशित कर गांव में अपने मुखबिर लगाया गया था। आज जब मुखबिर द्वारा वारंटी के गांव आने की सूचना टीआई नागर को दिया गया तो टीआई नागर हमराह प्रधान आरक्षक सुखलाल सिदार, श्यामदेव साहू, आरक्षक संजीव कुमार पटेल के साथ वारंटी के घर पर दबिश दिये और हिरासत में लेकर थाना लाये। वारंटी को आज न्यायालय पेश किया गया है।

## अवैध महुआ शराब भट्ठी से 4 आरोपी गिरफ्तार

**» पुलिस ने तोड़ी 14 शराब भट्ठी, नष्ट की 60 बोरी महुआ पास**

**» मौके से 210 लीटर महुआ शराब और शराब बनाने का पात्र जब्त**



**रायगढ़।** ओडिशा से लगे क्षेत्र में अवैध महुआ शराब की बिक्री व निर्माण की शिकायत को लेकर एसपी संतोष सिंह द्वारा प्रभारियों को प्रभावी करने के निर्देशन दिये गये हैं, जिस पर पुसौर पुलिस द्वारा आज ग्राम टपरदा में बड़ी कार्यवाही की गई है, अवैध रूप से महुआ शराब की भट्ठी बनाकर शराब बेचने वाले 4 आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार किया गया है तथा पुलिस टीम द्वारा 14 भट्ठी को तोड़ा गया और करीब 60 बोरी महुआ पास को पूरी तरह से नष्ट किया गया है। आरोपियों द्वारा तैयार 210 लीटर महुआ शराब व महुआ बनाने के पात्र की जब्ती पुसौर पुलिस द्वारा की गई है।

जानकारी के अनुसार पुसौर थाना इंचार्ज सहायक उपनिरीक्षक इगेश्वर यादव को सूचना मिली थी कि ग्राम टपरदा सुतिया बालपुर खार खेत में कुछ व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब बना रहे हैं। सूचना को पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा एवं डीएसपी गरिमा द्विवेदी को अवगत कराते हुए उनके निर्देशन पर थाने से पर्याप्त बल व गवाहों को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान की पुसौर पुलिस द्वारा घेराबंदी किया गया। मौके पर शराब बना रहे चार व्यक्ति 1- मोहनलाल खूंटे पिता सरजू खूंटे उम्र 25 वर्ष 2- सनत कुमार निषाद पिता धनसाय निषाद उम्र 26 वर्ष 3- मंगता खूंटे पिता रामस्वरूप खुंटे उम्र 65 वर्ष तीनों निवासी ग्राम टपरदा थाना पुसौर 4-मोहन लाल उरांव पिता रूपलाल उरांव उम्र 47 वर्ष निवासी कलमा थाना चंद्रपुर जिला जांजगीर चाम्पा को पकड़े। पुलिस टीम द्वारा आसपास करीब 14 महुआ शराब की भट्ठी को तोड़ा गया और वहां रखे करीब 60 बोरी महुआ पास को नष्टीकरण किया गया। मौके पर आरोपियों द्वारा तैयार किए गए 210 लीटर महुआ शराब कीमती 21,000 रुपए एवं 06 नग एलमुनियम गंज, तवा, रस्सी , छरक, पाइप को जप्त कर थाने लाया गया है। आरोपियों पर धारा 34(1),(क)(च), 34(2), 59( क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक इगेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक कुंवर टोप्पो, नरेन्द्र सिदार, आरक्षक संदीप भगत, लक्ष्मी पटेल, हरिशंकर नायक, सुरेश सिदार, चन्द्रशेखर लोधा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## पत्नी से विवाद कर निर्दयी ने अपने दूधमुहे बच्चे पर निकाला गुस्सा, टांगी मारकर किया हत्या

**» आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजी कापू पुलिस, ग्राम कमरई की घटना**

**कापू।** दिनांक 29.05.2021 को थाना कापू अन्तर्गत ग्राम कमरई के कोटवार उजित राम चौहान के द्वारा थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक धनीराम राठौर को सूचना दिया कि ग्राम कमरई मांझापारा निवासी धोनू राम मांझी के द्वारा अपने बेटे राकेश मांझी (उम्र 09 माह लगभग) की टांगी से पेट में मारकर हत्या कर दिया है। सूचना तस्दीक पर कापू प्रभारी स्टाफ के साथ ग्राम कमरई पहुंचे, घटना की सूचना सही पाई गई। आरोपी धोनू राम मांझी उसके बेटे की हत्या कर दिया था, मर्ग पंचानामा की कार्यवाही कर शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेजकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया जिसके अपराध कबूलनामे के बाद अप.क्र. 60/2021 धारा 302 ताहि में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



घटनास्थल पर मृतक के दादा तिहारू राम मांझी पिता स्व.बंधन राम मांझी उम्र 52 वर्ष ग्राम कमरई मांझापारा थाना कापू बताया कि दिनांक 29.05.21 को सुबह लगभग 11.00 बजे धोनू राम अपनी पत्नी से खाना मांगा उसकी पत्नी बोली अभी खाना नहीं बनाई हूं, उस समय उसकी पत्नी अपने बेटे राकेश मांझी को दूध पिला रही थी। खाना नहीं बनाने की बात पर गुस्से में आकर धोनू उसकी पत्नी को टांगी से मारने के लिये दौड़ाया, तब उसकी पत्नी बेटे को वहीं छोड़कर घर से बाहर भागी तो धोनू राम अपना गुस्सा बेटे के पेटे में टांगी मारकर निकाला, हत्या के अपराध में आरोपी धोनूराम मांझी पिता तिराहू मांझी उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

## दुकान का शटर तोड़कर मोबाईल चोरी करने वाला आरोपी पकड़ा गया

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस द्वारा आज दिनांक 30/05/2021 को ढिमरापुर चौंक के दुकान का शटर तोड़कर मोबाईल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है, आरोपी से चोरी की एक मोबाईल बरामद किया गया है।



जानकारी के अनुसार नया जगतपुर वार्ड न 4 रायगढ में रहने वाले गुरूशरण चन्द्रा को दिनांक 04-05-2021 के सुबह पहचान के व्यक्ति सूचना दिया गया इसकी ढिमरापुर चौक के पास गोरखा एसटीडी / पीसीओ एवं मोबाईल दुकान का शटर एक तरफ खुला हुआ है। तब दुकान आकर देखा तो दुकान से 02 विवो 20 ए ब्लू मोबाइल, 01 सैम्संग मोबाइल एवं 03 पुराना मोबाइल कुल जुमला कीमती 25 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। गुरूशरण चन्द्रा अपने स्तर पर अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर रहे थे, उनके द्वारा दिनांक 15-05-2021 को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 246/2021 धारा 457,380 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी मनीष नागर द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी में थाने के लिए उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा को निर्देशित किया गया था, जिनके द्वारा क्षेत्र में मुखबिर लाया गया था। आज मुखबिर सूचना पर आरोपी किशन सहिस पिता स्व. रामदयाल सहिस उम्र 19 साल निवासी रामभांठा संजय मैदान थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा दुकान का शटर तोड़कर एक मोबाइल की चोरी करना स्वीकार किया है, जिसके मेमोरेंडम पर एक विवो मोबाइल कीमती 15,000 रूपये का जप्त किया गया है। आरोपी को कोतवाली पुलिस आज रिमांड पर भेजी है।

## मुख्यमंत्री का संदेश-मेरा बूथ कोरोना मुक्त को सार्थक करने संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने झोंकी अपनी पूरी ताकत

**» सुबह 6 बजे से कोटा क्षेत्र के गली-मोहल्लों में चलाया जागरूकता अभियान**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप-मेरा बूथ कोरोना मुक्त, संदेश को सार्थक करने संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पहले से ही अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान जारी रखने वाले उपाध्याय ने आज सुबह 6 बजे से ही कोटा क्षेत्र में सघन वैक्सीनेशन जागरूकता अभियान चलाते हुए घर-घर दस्तक देकर लोगों को टीका लगाने के लिए प्रेरित किया साथ ही उन्होंने जनता में निःशुल्क मास्क का वितरण भी किया। क्षेत्र में जागरूकता अभियान के लिए दो ई-रिक्शा में कोरोना से बचने लगे स्लोगन, संदेश से सजे वाहनों को लेकर उपाध्याय अपनी पूरी टीम के साथ कोटा क्षेत्र में सुबह 6 बजे से ही पहुंच गए थे। कोरोना को लेकर विगत कई माह से लगातार जागरूकता अभियान छेड़े हुए उपाध्याय ने आज कोटा के शहीद मनमोहन सिंह बख्शी वार्ड क्रमांक 23 के प्रत्येक घरों में दस्तक देकर लोगों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर कोरोना टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करते रहे। इस दौरान उपाध्याय ने टीकाकरण करा चुके नागरिकों की प्रशंसा करते हुए अपने आसपास के लोगों को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। कोटा में आज सुबह 6 बजे से जनजागरूकता अभियान चला रहे उपाध्याय ने कहा कि कोरोना से लड़ने के लिए वैक्सीन को घर-घर तक पहुंचाना है। वर्तमन में कोरोना से बचने के लिए वैक्सीन एक सुरक्षा कवच के रूप में काम आ रहा है। कोरोना के इस महामारी से इस भयानक बीमारी से निजात दिलाने में वैक्सीन सबसे कारगार है और वैक्सीन ही इससे निजात दिला सकता है। इस बात को जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए यह सघन अभियान चलाया जा रहा है।

## खरीफ 19-20 के शत-प्रतिशत धान का उठाव हुआ पूरा

**» 14 जिलों को मिले आबंटन के बाद उठाव पूरा करने वाला पहला जिला बना रायगढ़**

**» कलेक्टर भीम सिंह के विशेष प्रयासों से हुआ संभव**



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह के प्रयासों से रायगढ़ जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में उपार्जित धान का शत प्रतिशत उठाव पूरा हो चुका है। फरवरी में प्रदेश में 14 जिलों को आबंटन मिलने के बाद रायगढ़ प्रदेश का पहला जिला बन गया है जहां मार्च 2020 अंत तक के सम्पूर्ण धान का डीओ जारी कर उठाव कर लिया गया है।

डीएमओ मार्कफेड से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में जिले में 4 लाख 84 हजार 600 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। जिसमे से खरीदी के दौरान 2 लाख 92 हजार 138 मीट्रिक टन मिलर्स द्वारा सीधे समितियों से उठाव किया गया था। जिले के संग्रहण केन्द्रों में 1 लाख 90 हजार 432 मीट्रिक टन धान का संग्रहण किया गया था। जिसमें से मिलर्स द्वारा संग्रहण केन्द्रों से भी धान का निराकरण किया गया। जिसके पश्चात संग्रहण केन्द्रों में 34 हजार 700 मीट्रिक टन धान निराकरण के लिए शेष रह गया था। जिसका आबंटन नहीं होने के कारण सम्पूर्ण धान का उठाव नहीं हो पाया था। यही स्थिति राज्य के 14 जिलों में थी। शासन से आबंटन प्राप्त होते ही कलेक्टर भीम सिंह ने खाद्य विभाग, डीएमओ एवं मिलर्स की मीटिंग ली जिसमें उन्हें धान का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सिंह ने लगातार इसकी मॉनिटरिंग भी की। जिसका परिणाम यह रहा कि जिले में संग्रहित लगभग 34 हजार 700 मीट्रिक टन धान का सम्पूर्ण डीओ जारी कर धान का उठाव पूरा कर लिया गया है। प्रदेश में रायगढ़ जिला एकमात्र ऐसा जिला है जहां मार्च 2020 के अंत तक के सम्पूर्ण धान का डीओ जारी हो चुका है तथा उठाव भी पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही अब जिले के मिलर्स कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर बलौदा बाजार जिले के खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 के धान के उठाव में सहयोग कर रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480